छह अंधे और हाथी

भारतीय लोककथा

छह अंधे और हाथी

भारतीय लोककथा



बहुत पहले भारत में, छह अंधे आदमी रहते थे. हालाँकि वे देख नहीं सकते थे, लेकिन उन्होंने दुनिया के बारे में कई अन्य तरीकों से सीखा था और जानकारी हासिल की थी.

वे अपने कानों से बांसुरी का संगीत सुन सकते थे.

वे अपनी उंगलियों से रेशम की
कोमलता को महसूस कर सकते थे.

वे पके भोजन की गंध को सूँघ सकते थे
और उसके मसालेदार स्वाद को चख सकते थे.

वे एक-साथ मिलकर अपने घर की
देखभाल करते थे, और वे बहुत खुश थे.

फिर एक दिन अंधे लोगों ने
एक रोमांचक खबर सुनी.
राजकुमार के महल में एक
नया हाथी आया था.



उन अंधे लोगों ने हाथी के बारे में सुना ज़रूर था,
लेकिन वे उससे कभी मिले नहीं थे.
हाथी कैसा होता है?
यह वे बिल्कुल नहीं जानते थे.

"चलो हम राजकुमार के महल में जाएंगे,"
उनमें से एक अंधे ने कहा.
"तब हमें पता लगेगा कि हाथी वास्तव में
कैसा होता है."

और फिर वे महल की ओर चले.
महल तक की यात्रा काफी लंबी थी.
वहां पहुँचते-पहुँचते उन्हें प्यास लगने लगी थी.

लेकिन वे पानी पीने के लिए रुके नहीं.
क्योंकि वे हाथी को छूने को बेचैन थे.

अंत में वे महल में पहुँचे.
एक गार्ड ने उनसे आने का कारण पूछा.
अंधे आदमियों ने उसे अपने
आने का मकसद बताया.



"बेशक, आप हाथी को छू सकते हैं," गार्ड ने कहा.
"मुझे यकीन है कि राजकुमार इसका कोई बुरा
नहीं मानेंगे."



फिर गार्ड उन छह लोगों को
हाथी के पास ले गया.
हाथी, बगीचे में चुपचाप खड़ा था.

पहले अंधे आदमी ने हाथी का पेट छुआ.

"वो बहुत मजबूत और चौड़ा है," उसने सोचा.
"मुझे लगता है कि हाथी, एक दीवार की तरह है."

दूसरे अंधे आदमी ने हाथी की लंबी, गोल सूंड को छुआ.
"ओह, वो सांप की तरह है!" वो चिल्लाया.

तीसरे आदमी ने हाथी के चिकने दांत को पकड़ा.
"क्यों, यह हाथी तो एकदम भाले की तरह
नुकीला है!"

चौथे आदमी ने हाथी का पैर पकड़कर देखा.
उसने सोचा कि वो पेड़ की तरह एकदम
गोल और कठोर था.

पांचवें अंधे आदमी ने हाथी के कान को पकड़कर देखा.
कान बहुत-बहुत बड़ा था.
हाथी ने अपने कान को धीरे से फड़फड़ाया.
पाँचवाँ आदमी हँसा.
"हाथी, एक पंखे की तरह है!"

छठे अंधे ने जानवर की लंबी, पतली पूंछ को छुआ.
"यह हाथी रस्सी की तरह है," उसने सोचा.

अब तक काफी दोपहर हो चुकी थी.
आसमान में सूरज तेज़ गर्म हो गया था.

फिर गार्ड, उन छह लोगों को एक छांवदार
पेड़ के नीचे ले गया.
"आप लोग यहाँ आराम करें," उसने कहा.
"तब तक मैं आपके लिए कुछ पानी लाता हूँ."

इंतजार करते समय उन छह अंधे
लोगों ने हाथी के बारे में चर्चा की.

"किसी ने मुझे नहीं बताया कि हाथी एक दीवार
की तरह होता है," पहले आदमी ने कहा.
"एक दीवार?" दूसरे आदमी ने आश्चर्य से पूछा.
"ओह, नहीं, वो एक सांप की तरह है."

तीसरे आदमी ने अपना सिर हिलाया.
"हाथी साफ़ तौर पर एक भाले की तरह है."
"क्या?" चौथा आदमी बोला.
"नहीं, हाथी एक पेड़ के तने की तरह होता है."

पाँचवाँ आदमी चिल्लाने लगा.
"एक दीवार? एक सांप? एक भाला? एक पेड़?
तुम सब गलत हो. सचमुच हाथी
एक पंखे की तरह होता है."

"नहीं! वो एक रस्सी की तरह होता है!"
छठा अँधा आदमी चिल्लाया.

जल्द ही गुस्से से भरी आवाज़ों
से पूरा बाग़ गूंजने लगा.

वो आवाज़ें हाथी का वर्णन करने
वाले उन छह अंधे आदमियों की थीं.
उनमें भारी बहस छिड़ी थी.

"एक दीवार!' "एक साँप!" "एक भाला!"
"एक पेड़!" "एक पंखा!" "एक रस्सी!"

"हमें खेद है," पहले अंधे आदमी ने कहा. "लेकिन हम इस बात पर सहमत नहीं हो पा रहे हैं कि असल में हाथी कैसा होता है. हम में से प्रत्येक ने एक ही हाथी को छुआ हैं, लेकिन हम में से हरेक को हाथी बिल्कुल अलग-अलग लगा है."

उनके शोर से राजकुमार की नींद खुली. राजकुमार दोपहर में झपकी ले रहा था. "शांत रहो!" उसने कहा. "देखो, मैं सोने की कोशिश कर रहा हूँ!"

राजकुमार धीरे से बोला.

“हाथी एक बहुत बड़ा जानवर है.

उसकी पीठ, दीवार की तरह होती है.

उसकी सूंड, सांप की तरह होती है.

उसके दांत, भाले की तरह नुकीले होते हैं.

उसके पैर, पेड़ के तने जैसे होते हैं.

उसके कान, पंखे जैसे होते हैं.

और उसकी पूंछ, रस्सी की

तरह होती है.

"तो तुम सभी लोग एक तरह से बिल्कुल ठीक हो. लेकिन तुम बिल्कुल गलत भी हो. क्योंकि तुम में से हरेक ने हाथी का केवल एक हिस्सा ही छुआ था.

यह जानने के लिए कि हाथी वास्तव में कैसा होता है, तुम्हें उसके सभी हिस्सों को एक साथ जांचना होगा."

अंधे आदमी राजकुमार के शब्दों के बारे में काफी देर तक सोचते रहे.
उन्होंने महसूस किया कि राजकुमार वाकई में काफी बुद्धिमान था.

"मैं आपको हाथी के बारे में कुछ और भी बताऊंगा," राजकुमार ने कहा.
"पर हाथी की सवारी बहुत ही मज़ेदार होती है.
क्या आप सभी हाथी पर सवार होकर घर लौटना पसंद करेंगे."



फिर उन छह अंधों ने वही किया.

अंत

और अब वे एक-दूसरे से पूरी तरह सहमत थे कि
उनके अनुभव का वही सबसे अच्छा हिस्सा था.